बर्षः- 05
अंकः- 265
मुरादाबाद
(Friday)
16 January 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

त्रिवेणी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, 54 लाख लोगों ने लगाई डुबकी

माघ मेला 2026 के दूसरे प्रमुख स्नान पर्व मकर संक्रांति पर आज संगम तट पर श्रद्धालुओं और कल्पवासियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। यह आस्था का विराट समागम है, जहां साधु-संत, कल्पवासी और आम श्रद्धालु एक साथ संगम की पवित्र धारा में डुबकी लगा रहे हैं। माघ मेले को लेकर माघ मेला पुलिस सुपरिटेंडें नीरज पांडे ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और भीड़ को आसानी से मैनेज करने के लिए मेले के पूरे इलाके में 10,000 से ज्यादा

पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि भीड़ और ट्रैफिक को अच्छे से मैनेज करने के लिए इस साल 42 अस्थायी पार्किंग बनाई गई हैं।

जिनमें एक लाख से ज़्यादा गाड़ियां खड़ी की जा सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि माघ मेला 2025-26 के लिए कई घाट बनाए गए हैं, जिनमें भक्तों के लिए चेंजिंग रूम सहित सभी जरूरी सुविधाएं हैं।

स्थानीय पुजारी रविशंकर मिश्रा ने कहा कि मकर संक्रांति सूर्य की उत्तर दिशा की यात्रा (उत्तरायण) की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सूर्योदय से सूर्यास्त तक का समय बहुत शुभ माना जाता है, और इस दिन सूर्य देव की पूजा और गायत्री मंत्र का जाप विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। एक और स्थानीय निवासी प्रीति ने कहा कि मकर संक्रांति पर संगम में स्नान करने का अनुभव असाधारण था और उन्होंने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की तारीफ की। हैदराबाद से अपने परिवार के साथ आए

एक वकील ने माघ मेले में साफ-सफाई, सुविधाओं और पुलिस व्यवस्था की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हम किसी खास मांग या प्रार्थना के साथ नहीं आए हैं। भगवान ने मुझे और मेरे परिवार को काफी कुछ दिया है। हम सिर्फ आभार व्यक्त करने आए हैं। स्

थानीय निवासी गौरी ओझा ने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानती हैं क्योंकि उन्हें हर साल संगम में डुबकी लगाने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की निवासी होने के नाते, मैं खुद को धन्य महसूस करती हूं कि मैं माघ मेले के दौरान संगम में स्नान कर सकती हूं। आज के स्नान का महत्व सूर्य के उत्तरायण में प्रवेश करने से और बढ़ जाता है। ओझा ने आगे बताया कि वह वाराणसी से पानी का एक खास बर्तन लाई थीं और उन्होंने संगम का पानी भी इकट्ठा किया था,

जिसे वह बाद में भगवान शिव को चढ़ाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं के लिए सुविधाएं काफी बेहतर हुई हैं। उन्होंने आगे कहा कि घाटों पर अब चेंजिंग रूम उपलब्ध हैं, जो कुछ साल पहले नहीं थे। पहले महिलाओं और लड़कियों को दिक्कतें होती थीं, लेकिन अब व्यवस्थाएं बहुत बेहतर हैं। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोगों को घाटों पर इस्तेमाल किए गए कपड़ों और दूसरी चीजों का सही तरीके से निपटान भी सुनिश्चित करना चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

अक्षय कुमार के पैर छूकर बच्ची ने लगाई मदद की गुहार, बोली- पापा कर्जे में हैं; एक्टर ने दिया ऐसा रिएक्शन

गुरुवार को अभिनेता अक्षय कुमार बीएमसी चुनाव में मतदान करने पहुंचे। इस दौरान एक बच्ची ने उनसे मुलाकात की और आर्थिक मदद के लिए गुहार लगाई। देश की सबसे समृद्ध महानगरपालिका बृहन्मुंबई महानगरपालिका यानी बीएमसी के लिए आज गुरुवार को मतदान हो रहा है। अक्षय कुमार से लेकर नाना पाटेकर और तमन्ना भाटिया तमाम सेलेब्स भी वोट डालने पहुंचे हैं। अक्षय कुमार जब वोट डालने पहुंचे तो इस दौरान एक बच्ची ने उनसे आर्थिक मदद की गुहार लगाई। इस दौरान अक्षय कुमार ने क्या कहा? जानिए अक्षय से बच्ची ने मांगी मदद, कहा पापा कर्जे में हैं अक्षय कुमार ने आज गुरुवार को मतदान शुरू होते ही मुंबई के गांधी शिक्षण भवन में बने मतदान केंद्र में मतदान किया। इस दौरान एक बच्ची एक्टर के पास पहुंची। हाथ में एक पर्चा लिए उसने अक्षय कुमार से कहा, मेरे पापा बहुत बड़े कर्जे में हैं, प्लीज उनको बाहर निकाल दो। अक्षय कुमार ने ठहरकर बच्ची की बात सुनी। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने बच्ची को रोका। मगर, अक्षय कुमार ने बच्ची से कहा, आप अपना नंबर दे दो, ऑफिस आ जाना। इसके बाद बच्ची ने एक्टर के पैर छुए, मगर अभिनेता ने उसे रोक दिया नेटिजन्स बोले- मदद की तो आपका दिल से शुक्रिया- अक्षय कुमार का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है

सनातन धर्म की ध्वजा बुलंद किया;अमित शाह ने लॉन्च की आदिशंकराचार्य की गुजराती ग्रंथावली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आदि शंकराचार्य ने भारतीय पहचान की स्थापना की, और सुनिश्चित किया कि सनातन धर्म का ध्वज चारों दिशाओं में ऊंचा लहराए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि आदिशंकराचार्य ने भारतीय पहचान स्थापित की और सनातन ध्वज चारों दिशाओं में बुलंद किया। शाह ने यह बात आदिशंकराचार्य की ग्रंथावली (गुजराती में प्रकाशित) लॉन्च करने के बाद की सभा में कही। उन्होंने कहा कि यह 15 खंडों में प्रकाशित ग्रंथावली गुजरात के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उनके जीवन और कार्य पर गहरा प्रभाव डालेगी। शंकराचार्य ने सम्पूर्ण देश की पैदल यात्रा की- अमित शाह

अमित शाह ने कहा इन ग्रंथों में आप उस समय के समाज में उठ रहे सभी प्रश्नों के समाधान पाएंगे।

उन्होंने आदिशंकराचार्य की यात्रा और योगदान को याद करते

हुए कहा कि बहुत कम लोग इतने कम जीवन में इतना बड़ा योगदान दे पाते हैं। आदिशंकराचार्य पैदल पूरे देश में घूमे और उन्हें चलती-फिरती विश्वविद्यालय कहा जा सकता है। शाह ने बताया कि उन्होंने केवल यात्रा ही नहीं की, बल्कि चारों दिशाओं में मठ स्थापित किए, ज्ञान केंद्र बनाए और सनातन धर्म का झंडा ऊंचा रखा। उन्होंने कहा कि आदिशंकराचार्य के मठ सिर्फ धार्मिक केंद्र नहीं बने, बल्कि उन्होंने वेदों का वितरण और संरक्षण सुनिश्चित किया, ताकि ज्ञान की परंपरा स्थायी रूप से संरक्षित और प्रसारित हो।

शंकराचार्य ने सभी सवालों के दिए तार्किक जवाब

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि अपने जीवनकाल में आदिशंकराचार्य ने बौद्ध, जैन, कपालिक और तांत्रिक परंपराओं के उदय के बीच सनातन धर्म से जुड़े प्रश्नों और शंकाओं का तार्किक उत्तर दिया। शाह ने आगे कहा आदिशंकराचार्य ने केवल विचार नहीं दिए, बल्कि भारत को विचारों का संलयन, ज्ञान का स्वरूप और मोक्ष का मार्ग भी दिखाया। इस ग्रंथावली का प्रकाशन सास्तु साहित्य मुद्रालय ट्रस्ट द्वारा किया गया है और संपादन गौतम पटेल ने किया है।

मायावती का 70वां जन्मदिनः कहा - ब्राह्मणों को चोखा - बाटी नहीं सम्मान चाहिए, शॉर्ट सर्किट के कारण पीसी रोकी

बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपना 70वां जन्मदिन लखनऊ में मनाया। इस मौके पर पत्रकार वार्ता में उन्होंने भाजपा सहित बाकी पार्टियों पर हमला किया। अपने जन्मदिन पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सभी सरकारें बसपा द्वारा ही चलाई जा रही योजनाओं का नाम बदलकर चला रही हैं। उन्होंने कहा कि विरोधियों ने भ्रम फैलाकर बसपा को तोड़ने की कोशिश की है। कांग्रेस, बीजेपी सहित अन्य जातिवादी पार्टियां अलग-अलग हथकंडे अपना रही हैं। इनको मुंहतोड़ जवाब देकर यूपी में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र में बीजेपी और कांग्रेस के विधायक अपनी उपेक्षा से नाराज होकर जुटे थे। बसपा ने ब्राह्मण को भागीदारी दी। ब्राह्मणों को किसी का चोखा बाटी नहीं चाहिए। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य समाज का बसपा सरकार पूरा ध्यान रखेगी। बसपा ने हमेशा ही उनका सम्मान किया है। बसपा ऐसी पार्टी है जिसने सभी जातियों और धर्मो का सम्मान किया है। सरकारों

पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांशीराम के मरने पर राष्ट्रीय शोक नहीं घोषित किया। उनकी उपेक्षा की गई। दूसरी जातियों के साथ मुस्लिम समाज के साथ अन्याय हो रहा। बसपा सरकार में दंगा फसाद नहीं हुआ। हमारी सरकार में यादवों का भी ध्यान रखा गया। मायावती ने कहा कि इस बार के विधानसभा चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वर्तमान में सभी समाज दुखी हैं और वह बसपा की सरकार चाह रहे हैं। इस बार गुमराह नहीं होना है। ईवीएम में धांधली और बेइमानी की चर्चा है। ये व्यवस्था कभी भी खत्म हो सकती है। एसआईआर की काफी शिकायतें है। इससे हमें सजग रहना होगा। गठबंधन से बसपा को नुकसान होता है। खासकर अपर कास्ट का वोट जातिवादी पार्टियों को मिलता है। तभी सारी पार्टियां हमसे गठबंधन चाहती हैं। भविष्य में बसपा सभी चुनाव अकेले लड़ेगी। आगे जब अपर कास्ट का वोट हमें मिलने का भरोसा हो जाएगा, तब गठबंधन करेंगे लेकिन इसमें अभी बरसों लगेंगे। शार्ट सर्किट होने से रोकी गई प्रेस कॉन्फ्रेंस- मायावती की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शार्ट सर्किट से हाल में अफरातफरी मच गई। इस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस रोक दी गई और सुरक्षाकर्मी बसपा सुप्रीमो को बाहर लेकर चले गए।

सोनू कश्यप हत्याकांडः परिवार से मिलने जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को रोका, पुलिस ने सीमा से लौटाया

सोनू कश्यप के परिजनों से मिलने जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने भंगेला बॉर्डर पर रोककर वापस भेज दिया। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया। मुजफ्फरनगर जनपद में सोनू कश्यप हत्याकांड के पीड़ित परिजनों से मिलने जा रहे कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को जिला सीमा पर ही रोक दिया गया।

पुलिस ने खतौली के भंगेला चेकपोस्ट पर उन्हें जिले में प्रवेश करने से मना कर दिया और मेरठ की ओर वापस भेज दिया। भारी पुलिस बल तैनात, चेकपोस्ट पर सख्ती- अजय राय के मुजफ्फरनगर पहुंचने की सूचना पर जिला प्रशासन ने बॉर्डर पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया था। पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी भी बाहरी व्यक्ति को फिलहाल जिले में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन- अजय राय को रोके जाने के बाद मौके पर मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और सरकार के

खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्षी नेताओं को पीड़ित परिवारों से मिलने से रोककर जनता की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। राजनीति में तेज हुई

गहमागहमी- इस घटना के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया है। वहीं, दूसरी ओर कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मामले में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय वर्मा से बातचीत की है। पीड़ित परिवार को मदद के निर्देश- राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सोनू कश्यप के पीड़ित परिवार को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाए और मामले में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जाए। ये है पूरा मामला-रोहित कश्यप उर्फ सोनू जिला मुजफ्फरनगर के निवासी आबकारी मोहल्ला का रहने वाला था। वह मुजफ्फरनगर से मेरठ अपनी रिश्तेदारी में सरधना विधान सभा के गांव ज्वालागढ आ रहा था। जिस टेंपो में वह बैठा था उसके चालक को रोहित के पास पैसों की जानकारी हो गई। इस कारण टेंपो चालक की नीयत में खोट आ गया और लालचवश अपने साथियों को बुलाकर रोहित की हत्या कर शव जला दिया। इस घटना से कश्यप समाज में आक्रोश है।

संपादकीय Editorial

Uneasy Panchayat Elections

The government's conscience is at stake in the court's landmark decision, while the world is preoccupied with a list of admonitions. Who is the big man here, and who is the biggest issue in Himachal Pradesh, upholding the law? Clearly, the Honorable High Court has elevated its decision by directing the Himachal government to hold elections for Panchayati Raj institutions before April 30th. This way, will the Election Commission gain the key to unlocking all the locks of the electoral process, or will it be too late to turn this into a one-sided test? The State Election Commissioner can keep a close eye on the preparations, but if the instruments of government remain inactive, who will play the harp of the exercise? However, what is being witnessed is not so beautiful or ordinary that an election tent should be set up. Himachal has witnessed the wounded feet of relief on the rough roads of disaster, and has also witnessed that politics does not begin to share responsibility even in the state's best interests. In such a situation, politics will want to write many things on the announced plank of Panchayati Raj elections. The government's response to the court's decision is unreliable, and therefore, further clarity on the legal text will emerge only when administrative action is taken. How Panchayat elections are exempted from the Disaster Management Act, in effect since October, will remain a point of contention. Through its observations, the court has identified several unrealistic flaws in the government's intentions. For example, the Election Commission has neither been consulted nor consulted, demonstrating no clarity. The court has seriously addressed not only the shortcomings of the government's position on the fundamental issues, but also laid out alternatives, solutions, and guidelines. It appears that the court has some reservations about the government's statements and, citing these concerns, seeks a commitment to the government's commitment to ensuring direct elections by limiting pending school board examinations, census, re-demarcation, and reservation rosters. Although the government has prioritized Panchayat elections for April-May, the wheels of law have now been thrown onto the road of disaster-related arguments. Clearly, the directive to hold Panchayat elections has given the opposition moral ground to intensify its struggle. The BJP, which has already built castles in the air by organizing a few events and occupying administrative positions, will now have an opportunity to refine its rural or grassroots politics in light of this decision. The court also submitted a blueprint for the Panchayat elections, requiring all administrative preparations to be completed by February 28th. The division bench of Justice Vivek Singh Thakur and Justice Romesh Verma removed obstacles to school annual examinations and suggested that departmental employees could be employed instead of teachers. Thus, strict legal guidelines have been issued to remove the cloud hanging over the elections of approximately 3,577 Panchayats, Panchayat Samitis, and Zila Parishads. The government will evaluate its responsibilities, priorities, and traditions behind the provisions of the Disaster Act. In the face of changing weather, the busy schedule of school examinations, and the scarred roads, the court order provides an opportunity to determine whether the time has come for offerings in this democratic yagya. For now, there appears to be some disconnect between the government's vows and the legal decisions. If the government wants to relocate certain offices, the legal framework kicks in. In this context, the disconnect between the government's insistence and the legal scrutiny is clear.

Fighting Air Pollution, States Decide to Remain Active Throughout the Year

The Delhi-NCR states have decided to remain active year-round, starting January 15th, to combat air pollution, with monthly reviews. Current measures are proving inadequate. The article emphasizes that this problem is not limited to Delhi-NCR alone, but across North India. All states should make such sustained efforts. Public awareness and pressure on public representatives are also essential for pollution control. The Delhi-NCR states will become active year-round, starting January 15th. Monthly reviews will be conducted to combat air pollution. All of North India needs sustained measures. It is welcome that, albeit late, all the states in Delhi and NCR have decided to remain active year-round to combat air pollution. This should yield positive results, but only if the states in Delhi and the NCR truly strive to prevent air pollution year-round. It is difficult to understand why this need has not been recognized until now. The current situation is that when air pollution becomes severe, individual states take action to address it at their own levels. This action remains ineffective. It's no secret that Delhi-NCR is currently plagued by air pollution, and all measures being taken to combat it are proving inadequate. Amid the dire situation, the states of Delhi and NCR have submitted a plan to the Union Ministry of Environment and Forests and the Air Quality Management Commission to work on year-round anti-pollution measures to manage air quality. Under this plan, all states will begin air pollution control work on January 15th, which will continue throughout the year. The good news is that these actions will be reviewed monthly. Despite all this, the question remains: why have only Delhi and its neighboring states stepped forward to address air pollution? Every state, especially those in North India, should be taking this action. Air pollution is not just a Delhi-NCR problem, even though it is often discussed. The truth is that almost all the states in North India are now suffering from air pollution during the winter. This has led to India being ranked among the countries with the most polluted air. It would be appropriate for the Union Ministry of Forest and Environment to urge all states to work on a year-round air pollution control plan. It's difficult to predict the results of the 12-month-long efforts made by the states of Delhi and NCR to combat air pollution. However, it should be understood that air pollution can only be eradicated when the general public is aware of its potential and willing to contribute. People must pressure their representatives to take air pollution seriously, which is proving fatal. They must also pressure municipal bodies, as they are unable to address the local causes that contribute to air pollution.

JNU must be free from intellectual depression.

The current crisis at JNU is a symptom of a deeper intellectual depression. The protesters must understand that the right to protest is not above the collective conscience of the people of the country. The imagined fear of an emergency is a cover for those who have lost the courage to engage in democratic dialogue. JNU student politics is challenging constitutional institutions. The university should adhere to constitutional norms, not an ideological battleground. The promotion of anti-national slogans with taxpayer funds is unacceptable. What recently happened at Jawaharlal Nehru University (JNU) is not merely a student political upheaval. It represents a major divergence between the reality of the Indian Republic and the long-standing rigidity of the campus. The way the gathering near the Sabarmati hostel devolved into violent sloganeering is not surprising. It is a manifestation of a sick mentality that has become accustomed to challenging constitutional institutions on the streets rather than accepting their decisions. The university administration has called it a "laboratory of hatred." In reality, this is a failure of the academic left, which even today seems unable to hear the call of time. In this era of strong electoral mandates, "sham rebellion" has lost its relevance. Universities are not bastions of any ideology, but public institutions governed by the Constitution. Their responsibility is not merely to raise questions but also to cultivate wisdom within constitutional boundaries. When a campus transforms itself into an ideological battlefield, it loses its constitutional identity. There is a place for resistance in democracy, but it should be within institutional balance, not against it. Here, there is no policy opposition, but a direct challenge to the Supreme Court's decision. When student politics begins to portray the court as a tool of power, even the last neutral ground of the republic becomes vulnerable. This is not dissent, but an erosion of constitutional trust. In such a situation, democracy becomes merely an arena of conflict. The judicial decision on the bail pleas of Umar Khalid and Sharjeel Imam was based on evidence, but a section of JNU students declared it "injustice." They have brought the institution to justice. When student organizations raise indecent slogans against the country's top leadership, it's no longer an ideological difference. It's a disrespect of the Constitution's core spirit. Sympathy for an individual is one thing, but treating the judicial process as an enemy is an attack on the integrity of the judiciary. In a democracy, dissent belongs in the courts, not in provocations on the streets. If student politics considers itself above the judiciary, it's a grave concern for the republic. Institutions like JNU are run by the hard-earned money of ordinary citizens. This is a moral contract with society. Criticism is legitimate within this contract, but insulting the nation's legitimacy is unacceptable. Expecting taxpayers to fund slogans that are designed to destroy themselves is untenable in any society. This demand for accountability is not repression, but a democratic necessity. The greatest enemy of academic freedom is not administrative control, but ideological monopoly. When one viewpoint is elevated to moral pedestal and others are viewed with suspicion, campuses automatically become intolerant. Institutions erode not through repression, but through uniformity of opinion. Diversity should exist not only in the curriculum but also in the discourse. No mature democracy allows its institutions to become platforms for emotional outbursts against the nation. The most overlooked impact of violent campus politics falls on students who have come to study, not to shout slogans. First-generation students, young people from rural backgrounds, and students with limited resources are the most affected. Their silence is not consent, but compulsion. If the university does not protect their aspirations, it fails in its social responsibility. The trend of "permanent agitation" on campuses is causing academic erosion. When identity becomes defined by protests rather than studies, students' futures are at stake. In the long run, this hollows out the institution from within. Consider the global landscape. Even developed democracies have set limits on expression. In France, arrests are made for supporting terrorist groups. In the United States, speeches inciting violence are not protected. So why expect India to remain silent in the face of language that attacks its very existence? No liberal society in the world tolerates calls to undermine the integrity of the nation. India cannot be an exception to this global order. The use of words like "Emergency" and "Fascism" is now creating a moral fatigue in society. The current crisis at JNU is a symptom of a deep intellectual depression. The protesters must understand that the right to protest is not above the collective conscience of the people of the country. The imagined fear of an Emergency is a cover for those who have lost the courage for democratic dialogue. If JNU is to salvage its reputation, it must abandon ritualistic politics. It must become a center of innovation rather than a laboratory of hatred. The time has come for campus politics to accept democratic responsibilities.

Trump's threat to Iran, the US President's complete lack of control

Naturally, the Iranian people are against this as well. If the Iranian regime wants to avoid US intervention, it will have to change its attitude. Whether this will happen or not is unknown, but India must remain vigilant about the deteriorating situation in Iran, as it has significant interests there. The new signals of military intervention in Iran by US President Donald Trump make it clear that he has become completely unbridled after the attack on Venezuela. His arbitrariness is increasing because the US military's attack on Venezuela did not receive unanimous opposition and resistance from the international community. Four years ago, when Russia invaded Ukraine, the US and its allies accused it of ignoring international rules and regulations. These accusations have been repeated repeatedly over the past four years, but now Trump is acting as arbitrarily as Russian President Putin. It is clear that his attitude will only further destabilize and unsettle the world. It is true that the people of Iran are on the streets against the radical Islamic regime and are being treated harshly, but this situation does not permit the US or any other country to intervene militarily. If any intervention is necessary in Iran, it must be carried out with the consent and under the leadership of the United Nations. It is also essential that the Iranian rulers, and especially the Supreme Leader Ayatollah Khamenei, who holds power there, understand that the situation cannot be improved by suppressing their people. The reasons for the Iranian people taking to the streets cannot be ignored. They are severely distressed by rising inflation. Iran's economic situation has deteriorated because the US has imposed strict sanctions on Iran on the grounds that it is attempting to develop nuclear weapons. Israel is also suspicious of such attempts by Iran and launched an attack there a few months ago for this reason. The US also supported Israel in this attack. It wouldn't be surprising if the US and Israel once again encircled Iran, but this would only worsen the situation in West Asia. Iran is already economically devastated by US sanctions. Ironically, despite this, it continues to provide financial and military support to organizations like Hezbollah and Hamas, as well as the Houthi rebels in Yemen. Naturally, the Iranian public is opposed to this as well. If the Iranian regime wants to avoid US intervention, it will have to change its attitude. Whether this will happen or not is unknown, but India must remain vigilant about the deteriorating situation in Iran, as it has significant interests there.

थाना जलाने की धमकी देने वाला बजरंग दल नेता गिरफ्तार, वीडियो हुआ था वायरल

रामपुर । केमरी थाने में पुलिसकर्मियों से अभद्रता और थाने में आग लगाने की धमकी देने के आरोप में बजरंग दल के एक नेता को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। 11 जनवरी को बजरंग दल नेता का थाने में धमकी देते हुए वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस ने आरोपी को तीसरे दिन गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। वायरल वीडियो में बजरंग दल नेता सूरज पटेल अपने साथी बालेंद्र के साथ थाने के अंदर पुलिसकर्मियों से अभद्रता करते और थाने में आग लगाने की धमकी देते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। यह पूरा मामला थाने में बंद व्यक्ति से मिलने को लेकर शुरू हुआ था। थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बताया कि सूरज पटेल बिना किसी पूर्व अनुमति या औपचारिक प्रक्रिया के सुहेल नामक बंदी से मिलने थाने पहुंचा था। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें संबंधित विवेचक या दरोगा से संपर्क करने को कहा। जिससे वह नाराज हो गए। आरोप है कि इसी दौरान सूरज पटेल ने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और थाने में आग लगाने जैसी गंभीर धमकी दी। इस पूरी घटना का किसी व्यक्ति ने मोबाइल फोन से वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बताया कि चिड़ियाखेड़ा गांव निवासी मुख्य आरोपी सूरज पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है। उनके साथी बालेंद्र अभी फरार हैं। थाने में तैनात उप निरीक्षक सुमित कुमार ने इन दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। दूसरे दिन आरोपी ने मांगी थी माफी- वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस कार्रवाई की आशंका के बीच दूसरे दिन सूरज पटेल ने माफीनामे के साथ वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि उन्होंने आवेश में आकर आपत्तिजनक शब्द कह दिए थे और उनकी किसी को धमकाने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोई मंशा नहीं थी। उन्होंने पुलिस और आमजन से माफी भी मांगी थी। लेकिन मामले मे कई पार्टियों के नेताओं ने सोशल मीडिया पर वीडियो डाली थी, इसके बाद पुलिस ने मामले में गिरफ्तारी की कार्रवाई की।

ग्राम पंचायतों में ऑडिट के नाम पर चल रही घूसखोरी, ऑडिटर संघ का प्रदेश अध्यक्ष गिरफ्तार, ऐसे चलता था खेल

मुरादाबाद में विजिलेंस ने सहकारी समिति एवं ग्राम पंचायत के सीनियर लेखा परीक्षक और ऑडिटर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिरुद्ध द्विवेदी को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। आरोप है कि मूंढापांडे ब्लॉक की पंचायतों के वित्तीय वर्ष के ऑडिट के नाम पर अधिकारी अजय कुमार रुपये मांगे थे। आरोपी केस दर्ज किया गया में विजिलेंस ने सहकारी ग्राम पंचायत के लेखा परीक्षक संघ का प्रदेश अध्यक्ष) उन्होंने सात ग्राम 2024-25 ग्राम पंचायत से तीन लाख के खिलाफ है।मुरादाबाद समिति एवं सीनियर (ऑडिटर अनिरुद्ध द्विवेदी को 50 हजार की घूस लेते गिरफ्तार किया है। विजिलेंस थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक अनिरुद्ध ने मूंढापांडे ब्लॉक के ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार से उनके क्षेत्र की ग्राम पंचायतों का वित्तीय वर्ष 2024-25 का ऑडिट करने के नाम पर तीन लाख मांगे थे।रिश्वत की रकम के लिए पचास-पचास हजार की छह किस्तें तय की गईं थीं। बुधवार को रामगंगा विहार स्थित घर में सचिव से पैसा लेते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है।विजिलेंस बरेली यूनिट के एसपी अरविंद कुमार ने बताया कि मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे ब्लॉक के ग्राम पंचायत अधिकारी (सचिव) अजय कुमार ने बरेली स्थित कार्यालय में आकर 12 जनवरी को शिकायत दर्ज कराई थी।उन्होंने बताया था कि मूंढापांडे ब्लॉक के उनके कार्य क्षेत्र में दुपैड़ा, रनियाठेर, जगरामपुरा, लालपुर तीतरी, बीनावाला, हिरनखेड़ा और भीतखेड़ा ग्राम पंचायत आती हैं। विभाग के सीनियर लेखा परीक्षक अनिरुद्ध द्विवेदी ने उससे इन ग्राम पंचायतों के वित्तीय वर्ष 2024-25 का ऑडिट करने के लिए तीन लाख रुपये मांगे हैं।इस मामले की जांच के लिए एसपी विजिलेंस ने टीम गठित की और जांच कराई। जांच में आरोप सही पाए गए। आरोप पुष्ट होने के बाद प्लानिंग के तहत ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार ने ऑडिटर अनिरुद्ध द्विवेदी से फोन पर बात की। उसने कहा कि वह सिविल लाइंस के रामगंगा विहार स्थित अपने किराये के मकान में है। वहीं 50 हजार रुपये पहुंचा दें। अजय कुमार बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे रामगंगा विहार स्थित अनिरुद्ध के घर पर पहुंचे और उसे 50 हजार रुपये दे दिए। जैसे ही रकम दी विजिलेंस टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया और कार में बैठा कर बरेली ले गए। आस पड़ोस के लोगों को भी भनक नहीं लग पाई। बताया जा रहा है कि अनिरुद्ध द्विवेदी उत्तर प्रदेश ऑडिटर संघ का प्रदेश अध्यक्ष भी है। एसपी विजिलेंस ने बताया कि इंस्पेक्टर अनिल कुमार, अंगद सिंह और कृपाल शंकर समेत 12 सदस्यों की टीम ने कार्रवाई की है। विजिलेंस के बरेली थाने में अनिरुद्ध के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम में प्राथमिकी दर्ज हुई है। अनिरुद्ध अंबेडकर नगर का रहने वाला है और परिवार लखनऊ में रहता है।

संक्षिप्त समाचार

घेराबंदी कर नशा तस्कर को किया गया गिरफ्तार, गांजा बरामद

ठाकुरद्वारा । कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान घेराबंदी कर एक युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली पुलिस उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार हैड कांस्टेबल प्रवीण कुमार, कांस्टेबल सचिन कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। नागनाथ मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर पुलिया के आगे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। पुलिस को देखकर वह भागने लगा, जिस पर टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 910 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम राकेश पुत्र राजपाल निवासी रतूपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर चालान किया और न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया हैं।

संभल में मस्जिद- मदरसों को बनाया जा रहा निशाना, सपा विधायक बोले- पहले नक्शे पास किए अब अवैध बता रहे अफसर

संभल से सपा विधायक इकबाल महमूद ने कहा कि जिले में मस्जिदों और मदरसों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन भवनों के नक्शे पहले पास किए गए अब अवैध बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण गलत हैं तो उन अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए जिन्होंने नक्शे पास किए।संभल से सपा के संभल विधायक इकबाल महमूद का कहना है कि जिले में मस्जिद, मदरसों को ही निशाना बनाया जा रहा है। अधिकारियों ने पहले विनियमित क्षेत्र से नक्शे पास कर दिए और अब अवैध बता दिए। ऐसी स्थिति संभल में पहले कभी नहीं देखी गई। बुधवार को उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि शाही जामा मस्जिद के नजदीक जो लोग रहते हैं, उनके पास विनिमयत क्षेत्र के नक्शे हैं और नगर पालिका को हाउस टैक्स अदा करते हैं। इसे नजरअंदाज क्यों किया जा रहा है।सरकारी जमीनों पर बनी मस्जिद, मदरसा और मकान-दुकानों की पैमाइश को लेकर विधायक ने कहा कि संभल में 50 साल से ऐसी स्थिति नहीं देखी, जैसी अब हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सब कुछ गलत है, तो उन अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए जिन्होंने हाउस टैक्स वसूला और और नक्शे पास किए थे। आगे कहा कि मस्जिदों को निशाना बनाया जा रहा है। मस्जिद की मामूली मरम्मत भी नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हम लोग हिंदुस्तान में पैदा हुए हैं और इससे प्यार करते हैं। हम सभी भाई हैं और मिलकर रहना चाहिए। आगे कहा कि कांग्रेस की भी सरकार रही है। इस समय ज्यादा ही अन्याय हो रहा है। बिछौली में प्रधान समेत पांच लोगों के घर पर चला बुलडोजर- ,संभल तहसील क्षेत्र के गांव बिछौली में ग्राम समाज की बीस बीघा भूमि पर अवैध कब्जा है। बुधवार को तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम पहुंची और प्रधान समेत पांच लोगों के मकानों पर बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। तहसीलदार ने बताया कि न्यायालयों में चले मुकदमे में बेदखली के आदेश के बाद यह कार्रवाई की गई। बुधवार को तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार, चार कानूनगो, 20 लेखपाल की टीम और दो बुलडोजर के साथ गांव बिछौली पहुंचे। साथ में आरआरएफ के जवान भी थे। गांव में जगह-जगह पर पुलिस कर्मियों और आरआरएफ को तैनात कर दिया गया। राजस्व विभाग की टीम ने लोगों से मकान खाली किए जाने के लिए कहा। लोग मकानों से सामान बाहर निकालने लगे। कुछ ने विरोध किया तो पुलिस ने समझा दिया। जिसके बाद बुलडोजर ने मकानों को तोड़ने का काम शुरू किया। कार्रवाई के दौरान सबसे पहले प्रधान अतीक का मकान तोड़ा गया। जिसके बाद अफलातून, भूरा, सज्जाद, शाने आलम के मकान को ध्वस्त किया गया।

बिछोली में ग्राम प्रधान सहित पांच ग्रामीणों के मकान किए ध्वस्त, अभी कई और घर टूटेंगे

जनपद में सरकारी जमीनों को कब्जामुक्त कराने के अभियान के तहत बुधवार को संभल में एक बार फिर बड़ा बुलडोजर एक्शन देखने को मिला। तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बिछोली गांव में सरकारी भूमि पर बने ग्राम प्रधान के मकान समेत पांच मकानों को ध्वस्त करा दिया। अभी इमामबाड़ा सहित कई अन्य मकान प्रशासन के निशाने पर हैं। 27 बीघा सरकारी जमीन खोजने के लिए 25 राजस्व कर्मियों की टीम ने गांव में घंटों तक भूमि की ने सरकारी जमीन कब्जामुक्त कराने के लिए पैमाइश का के बाहर जाकर खड़े हुए तो गांव के लोगों की समझ में नहीं है। कुछ ही देर में तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह के तहसीलदार की टीम गांव पहुंच गई। रैपिड रिएक्शन जवानों की तैनाती कर दी गई। दो-दो बुलडोजर लेकर कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। बुलडोजर को देखते पति अतीक अहमद ने विरोध किया, लेकिन प्रशासन ने सामान बाहर निकालने के लिए कुछ मिनट की मोहलत सामान निकालने में जुट गए। सामान निकल गया तब लगा। जब ग्राम प्रधान का मकान गिरने लगा तो बाकी तोड़ने के लिए चिन्हित सभी पांच मकानो में रहने वाले बुलडोजरों ने पहले ग्राम प्रधान का मकान जमींदोज को तोड़ना शुरु कर दिया। सवा तीन घंटे तक चली सरकारी जमीन को कब्जामुक्त करा दिया गया। एक तरफ चले बुलडोजर दूसरी ओर पैमाइश- संभल,अमृत विचार- बिछोली गांव में बुधवार को प्रशासन ने सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराने के लिए एक साथ दो मोर्चों पर कार्रवाई की। गांव के एक हिस्से में जहां सरकारी भूमि पर बने मकानों पर बुलडोजर चलता रहा, वहीं दूसरी ओर राजस्व विभाग की टीम ने पौने 27 बीघा सरकारी भूमि की पैमाइश की। इस दौरान 160 वर्ग मीटर सरकारी भूमि पर बने इमामबाड़े की भी नापजोख कर उसका नक्शा तैयार किया गया। राजस्व विभाग की टीम ने कुछ अन्य मकानों को भी चिन्हित किया है। अब इन सभी अवैध निर्माणों को लेकर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट के आधार पर आने वाले दिनों में गांव में एक बार फिर बड़ा बुलडोजर एक्शन हो सकता है।ट्रायल कोर्ट और अपीलेट कोर्ट के आदेश- तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम सभा की अलग-अलग श्रेणियों की सरकारी जमीन जैसे स्कूल, पंचायत घर और खेल मैदान पर अवैध कब्जा कर मकान बनाए गए थे। इन मामलों में विभिन्न न्यायालयों में मुकदमे चले, जिनमें ट्रायल कोर्ट और अपीलेट कोर्ट दोनों के आदेश आ चुके हैं। जिन मामलों में अपीलेट कोर्ट से निर्णय हो चुका है, उन पर बेदखली और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन मामलों का निस्तारण हो चुका है, उन पर हर हाल में कार्रवाई होगी और बाकी अवैध निर्माणों की भी पैमाइश कर नियमानुसार कदम उठाए जाएंगे। ग्राम प्रधान पति बोले, जमीन खरीदी थी- ग्राम प्रधान पति अतीक अहमद ने कहा कि कोर्ट के आदेशों का वह सम्मान करते हैं। नोटिस मिलने के बाद उन्होंने अपील की थी, जो हाल ही में निरस्त हो गई है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने जमीन खरीदी थी और जिनसे खरीदी, उनकी मृत्यु हो चुकी है, लेकिन अब न्यायालय के आदेशों का पालन किया जा रहा है। वहीं, अवैध कब्जे में बने मकान पर कार्रवाई झेल रहे मुजाहिद ने पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि कार्रवाई हो रही है तो सभी अवैध कब्जों पर समान रूप से होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि वे लोग वर्षों से यहां रह रहे हैं और अब उनके सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। कब्जा मुक्त कराई जा रही जमीन- - पशुचर- 12 बीघा जमीन - उद्यान- 8 बीघा जमीन - खाद के गड्ढे- 4.5 बीघा जमीन - खेल का मैदान- सवा बीघा जमीन . स्कूल- आधा बीघा जमीन पंचायत घर- आधा बीघा जमीन -कुल पौने 27 बीघा जमीन

भारत-जर्मनी समझौते से मुरादाबाद को मिलेगा नया वैश्विक मंच

बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत-जर्मनी के बीच पिछले दिनों हुए समझौते से मुरादाबाद को नया वैश्विक मंच मिलेगा। पिछले दिनों गांधीनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्ज़ के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद हुए 19 समझौतों की उम्मीद है। पीतल, एल्यूमिनियम और कांच के उत्पादों होंगे।इस समझौते से वीजा-मुक्त यात्रा से व्यापार मेलों में बिना वीजा के जर्मनी की अल्पकालिक यात्रा कर सकेंगे, ऑर्डर मिलने की संभावना बढ़ेगी। मुरादाबाद हस्तशिल्प यह समझौते मुरादाबाद को वैश्विक मंच पर नई पहचान विशेष ध्यान देना होगा।उन्होंने बताया कि जर्मनी के साथ धातुओं की आपूर्ति में स्थिरता आएगी, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार होगा। जर्मन तकनीक और डिजाइन होगा। भारत-जर्मनी रक्षा और रेलवे सहयोग से औद्योगिक से मुरादाबाद के हस्तशिल्प उद्योग को नई दिशा मिलने के लिए यूरोपीय बाजार अब पहले से अधिक सुलभ भाग लेना आसान होगा। अब मुरादाबाद के कारोबारी जिससे अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से सीधे संपर्क और नए निर्यातक संघ के अध्यक्ष नवेद उर रहमान ने कहा कि देंगे। हमें अब गुणवत्ता, समयबद्धता और ब्रांडिंग पर खनिज व्यापार सहयोग से पीतल, निकल और अन्य लागत नियंत्रित होगी। तकनीकी साझेदारी से डिज़ाइन सहयोग से यहां के उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार हस्तशिल्प उत्पादों को नए कॉरपोरेट ऑर्डर मिल सकते हैं। यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में बढ़ते कदम मुरादाबाद के निर्यातकों के लिए शुल्क और नियमों की बाधाएं कम कर सकते हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

कमिश्नरी बार एसोसिएशन में सीमा दीक्षित निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गईं

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। बार एसोसिएशन चुनाव के बाद अब कमिश्नरी बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के परिणाम भी घोषित कर दिए गए हैं। इन चुनावों में सीमा दीक्षित को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है।

सचिव पद के लिए कड़ा मुकाबला हुआ है। इसमें सुधीर सक्सेना ने जीत दर्ज की। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का कार्यकाल 31 दिसंबर 2026 तक रहेगा।

एल्डर कमेटी के चेयरमैन एडवोकेट सुबोध जौहरी ने बताया कि संविधान के अनुसार चुनाव की पूरी प्रक्रिया एल्डर कमेटी के सदस्य और चुनाव अधिकारी अरविंद भटनागर की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि पूर्व चेयरमैन पीसी सहगल के निधन के बाद उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली है। इस बार अधिकांश पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जबकि सचिव पद के लिए मतदान कराया गया। कमिश्नरी बार से जुड़े हैं 18 तहसीलों के वकील - चेयरमैन सुबोध जौहरी ने बताया कि कमिश्नरी बार का इतिहास बहुत पुराना है। बरेली मंडल की 18 तहसीलों के वकील इससे जुड़े हुए हैं। हालांकि यहां बैठने वाले वकीलों की संख्या कम दिखती है, लेकिन इनका प्रभाव पूरी कमिश्नरी की तहसीलों तक है। सीमा दीक्षित ने गिनाईं प्राथमिकताएं निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गईं सीमा दीक्षित ने कहा कि उनकी प्राथमिकता बार और बेंच के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी। अधिक से अधिक कार्य दिवसों में काम हो ताकि दूर-दराज की तहसीलों और गांवों से आने वाले वादकारियों को समय पर न्याय मिल सके और वे सुरक्षित अपने घर लौट सकें।

बरेली में ठंड जारी, दो दिन कोहरे का ऑरेंज अलर्ट, बारिश के आसार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। तीन दिन तक ठंड ने रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद बुधवार को लोगों को हल्की राहत मिली। रात का पारा 1.8 डिग्री बढ़त के बाद सामान्य से तीन डिग्री कम 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बृहस्पतिवार को फिर मौसम बदल गया। सुबह से दोपहर एक बजे तक कोहरा छाया रहा। इसके बाद हल्की धूप खिली, लेकिन शीतलहर चलने से राहत नहीं मिली। लोग ठंड से ठिठुरते दिखे। न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम विभाग ने 17 जनवरी तक कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके बाद बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, मंगलवार रात बर्फीली हवा से शहरवासी ठिठुरते रहे। देर रात घना कोहरा छाया जो बुधवार सुबह दस बजे तक हावी रहा। बरेली एयरपोर्ट, एयरफोर्स समेत शहर के बाहरी इलाकों में दृश्यता शून्य दर्ज की गई। फिर तेज हवा चलने से ठिठुरन बढ़ी। कोहरा छंटने से दृश्यता 20 से 200 मीटर तक पहुंच गई। बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री कम 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। 18 जनवरी से मंडराएंगे बादल -आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ अतुल कुमार के मुताबिक मध्य प्रदेश और राजस्थान पर मंडरा रहे विक्षोभ के असर से हवा की दिशा बदलेगी। इससे बर्फीली हवा का सितम थमेगा, पर 18 जनवरी से बादल मंडराएंगे। अनुकूल माहौल यानी निम्न वायुदाब का क्षेत्र बनने पर हल्की, तेज बारिश हो सकती है। इससे शीतलहर का असर तेज होने का अनुमान है।

मकर संक्रांति पर्व पर श्री हरि मंदिर पर खिचड़ी वितरण

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। श्रीहरि मंदिर मॉडल टाऊन मुख्यद्वार पर महा द्वादशी एवं मकर संक्रांति के पावन दिन पर सेवा में एक कदम और बढ़ाते हुए कड़कड़ाती ठंड में राहगीरों के लिए पुलाव वा आचार का वितरण हुआ ।

सेवा में मंदिर अध्यक्ष सुशील अरोड़ा,मॉडल टाऊन सोसाइटी अध्यक्ष वा मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ,दीपक साहनी, गोविन्द तनेजा,राकेश कुमार आदि सेवा में उपस्थित रहे।

140 करोड़ से तैयार होगा रामगंगा दातागंज, योगी सरकार ने बजट को दी स्वीकृति

रामगंगा पुल बनने से बदायूं बरेली और लखनऊ आवागमन होगा सुदृढ़, बचेगा लोगों का समय

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा /बरेली। लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली से बदायूं होकर आगरा जाने वालों को योगी सरकार ने बड़ी सौगात दी है। बरेली और दातागंज के बीच रामगंगा नदी पर पर दातागंज में प्रस्तावित सेतु परियोजना के लिये 140 करोड़ रुपये के बजट की स्वीकृति दी गई है।

लंबे समय से अटकी इस परियोजना पर अब वित्तीय समिति की मंजूरी मिल चुकी है। शासनादेश जारी होते ही बजट आवंटन होगा और निर्माण प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। पुल की मजबूती और भविष्य में बाढ़ के खतरे को ध्यान में रखते हुए आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ इंजीनियरों से विस्तृत तकनीकी अध्ययन कराया गया था। उनकी रिपोर्ट

में पुल की लंबाई बढ़ाने की सिफारिश की गई थी, जिसके आधार पर अब दातागंज सेतु की कुल लंबाई 850 मीटर तय की गई है। इससे पुल के साथ-साथ पहुंच मार्ग भी सुरक्षित रहेगा और आवागमन में किसी तरह की बाधा नहीं आएगी। 42 करोड़ की लागत से बना था 700 मीटर लंबा पुल- रामगंगा नदी पर 700 मीटर लंबा पुल पहले ही 42 करोड़ रुपये की लागत से बन चुका है और अप्रैल 2023 में उस पर आवागमन शुरू कर दिया गया था। हालांकि चार महीने बाद आई बाढ़ में पहुंच मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके कारण पुल को बंद करना पड़ा। इस स्थिति के बाद शासन स्तर पर पूरे प्रकरण की गहन समीक्षा की गई और तकनीकी समाधान के साथ नए सिरे से परियोजना को आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया। परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद होगी टेंडर प्रक्रिया-लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता केके सिंह ने बताया कि सेतु के पुनर्निर्माण और विस्तार को लेकर तैयार किए गए एस्टीमेट पर वित्तीय समिति ने चरणबद्ध तरीके से परीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों से आपत्तियों का निस्तारण कराया। सभी बिंदुओं पर संतोषजनक स्पष्टीकरण के बाद अब परियोजना को अंतिम मंजूरी मिल गई है। पुल के पूरा होने से बदायूं, बरेली और लखनऊ के बीच आवागमन पहले से अधिक सुगम और तेज होगा। यात्रियों का समय बचेगा और क्षेत्रीय आवागमन को मजबूती मिलेगी। नई तकनीक के प्रयोग से सेतु का निर्माण तेजी से किए जाने की योजना है और इसके लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

यूपी बोर्ड परीक्षा में नया नियम, प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड भी अनिवार्य, वरना नहीं मिलेगा प्रवेश

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को पूरी तरह नकलविहीन बनाने के लिए इस बार नए नियम बनाए गए हैं। बोर्ड की ओर से जारी नए दिशा-निर्देशों के मुताबिक, अब विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए केवल प्रवेश पत्र दिखाना ही काफी नहीं होगा। उन्हें अपने साथ आधार कार्ड की मूल प्रति रखना अनिवार्य कर दिया गया है।

क्षेत्रीय बोर्ड कार्यालय के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि फर्जी परीक्षार्थियों पर लगाम लगाने के लिए यह फैसला लिया गया है। यदि किसी विद्यार्थी के पास आधार कार्ड की मूल प्रति नहीं होगी, तो उसे केंद्र में प्रवेश मिलने में कठिनाई हो सकती है। इस सख्ती का उद्देश्य परीक्षा की शुचिता को बनाए रखना है।

सीसी कैमरों से लैस होंगे परीक्षा केंद्र -इस बार केवल शारीरिक जांच ही नहीं, बल्कि डिजिटल निगरानी पर भी जोर दिया जा रहा है। सभी परीक्षा केंद्र हाई-रिजॉल्यूशन सीसी कैमरों से लैस होंगे। इनकी सीधी मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जाएगी। सभी केंद्रों की जियो टैगिंग कराई गई है, ताकि केंद्रों की लोकेशन और वहां होने वाली गतिविधियों पर सटीक नजर रखी जा सके।

संवेदनशील और अति-संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल और सचल दलों की तैनाती की जाएगी। क्षेत्रीय सचिव मुन्ने अली के अनुसार नकल मुक्त परीक्षा कराना हमारी प्राथमिकता है। तकनीक के इस्तेमाल और आधार की अनिवार्यता से फर्जीवाड़े की गुंजाइश खत्म हो जाएगी। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वह परीक्षा से पहले अपने सभी जरूरी दस्तावेज तैयार रखें। हर गतिविधि पर नजर रखेंगे आंतरिक सचल दल- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 18 फरवरी से शुरू होने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को पूरी तरह नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। आंतरिक सचल दलों का गठन किया जा रहा है। यह दल परीक्षा केंद्रों के भीतर हर गतिविधि पर पैनी नजर रखेंगे।

डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक केंद्र पर एक आंतरिक निरीक्षण दस्ता बनाया जाएगा। इस दस्ते की संरचना को लेकर विशेष नियम तय किए गए हैं। प्रत्येक दस्ते में कुल तीन सदस्य होंगे। दस्ते में कम से कम एक महिला अध्यापिका का होना अनिवार्य है, ताकि छात्राओं की तलाशी और गरिमा का पूरा ध्यान रखा जा सके। जिस विषय की परीक्षा हो रही होगी, उस विषय के शिक्षक को उस दिन सचल दल का हिस्सा नहीं बनाया जाएगा।

प्रवेश द्वार पर होगी लेयर चेकिंग - परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके लिए मुख्य द्वार पर ही छात्र-छात्राओं की सघन तलाशी ली जाएगी। केंद्र परिसर के अंदर किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीआई

भाजपा एमएलसी के घर में घुसे दबंग, विरोध पर मैनेजर से अभद्रता

पुलिस ने पांच आरोपियों को पकड़ा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / फरीदपुर, बरेली। बरेली के फरीदपुर कस्बा में झगड़े के दौरान एक युवक का पीछा करते दूसरे समुदाय के दबंग लोग बुधवार देर शाम विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) कुंवर महाराज सिंह के आवास में घुस गए। इसका विरोध करने पर दबंगों ने उनके मैनेजर से अभद्रता की। पुलिस ने दोनों पक्ष के पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। कस्बा के मोहल्ला फर्रखपुर निवासी पंचम यादव की सब्जी मंडी में मीट की दुकान है। वहीं पर गुड्डू अली की कॉस्मेटिक व चूड़ियों की दुकान है। पंचम और गुड्डू में बुधवार देर शाम किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। आरोप है कि गुड्डू ने अपने 25 साथी बुला लिए। दबंगों के

चंगुल से छूटकर पंचम बचने के लिए करीब आधा किमी दौड़ा और एमएलसी के घर में घुस गया।

दबंगों ने की गाली गलौज - घर में बैठीं एमएलसी की पत्नी कामिनी सिंह व मैनेजर डिंपल सिंह ने पंचम यादव को पकड़ लिया। वह उसे पकड़कर बाहर ला रही थीं। इसी दौरान गुड्डू व उसके साथी भी एमएलसी के आवास में घुस गए। वे गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। एमएलसी की पत्नी व उनके मैनेजर ने हमलावरों के आवास में घुसने का विरोध किया। इस पर दूसरे समुदाय के दबंगों ने मैनेजर से अभद्रता की। इससे एमएलसी की पत्नी और मैनेजर घबरा गए। बरेली में बैठक छोड़कर घर पहुंचे एमएलसी- हमलावरों के साथ भीड़ को देखकर मैनेजर ने एमएलसी को फोन कॉल की। वह बरेली में मीटिंग में बैठे थे। उन्होंने इंस्पेक्टर फरीदपुर को कॉल कर अपने आवास पर जाने के लिए कहा। खुद भी मीटिंग छोड़कर घर के लिए निकले। पुलिस को देख हमलावर वहां से भाग गए। पुलिस ने पांच को हिरासत में ले लिया। गुड्डू व उसके अन्य साथियों की तलाश में पुलिस की पांच टीमें लगाई गई हैं।

